# प्रदेश कार्यसमिति में विंध्य के कई चेहरों को मिली जगह

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 जून, लंबे इंतजार के बाद भारतीय जनता डुपार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश कार्य समिति सदस्यों की सूची जारी कर दी है. विंध्य से कई चेहरों को शामिल किया गया है.**

हलांकि भाजपा नेताओं को प्रदेश कार्यकारिणी में पदाधिकारी बनाए जाने की उम्मीद थी लेकिन अध्यक्ष ने उस उम्मीद पर पानी फेर दिया है. उल्लेखनीय है कि पूर्व के वर्षो में जब भी कार्यकारिणी घोषित होती थी उसमें पदों के आधार पर संगठन में संतुलन बनाने का प्रयास किया जाता था.



106 सदस्यों की कार्यकारिणी के अलावा 41 स्थायी आमंत्रित सदस्य कार्य समिति में शामिल किए गए हैं. विन्ध्य से पूर्व विधायक, पूर्व महापौर सहित कई नेताओं को प्रदेश कार्यसमिति में शामिल किया गया है. लंबे इंतजार के बाद सूची जारी हुई है. जिसमें रीवा से गौरव तिवारी, मनीषा पाठक, पूर्व महापौर श्रीमती ममता गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, मृगेन्द्र सिंह को शामिल किया गया है. साथ ही सीधी से विधायक रीती पाठक, कुंवर सिंह टेकाम, पूर्व विधायक शारतेन्दु तिवारी और सतना से अखंड प्रताप सिंह को सिंगरौली से योगेशपाल गुप्ता प्रेमवती खैरवार गिरीश व्दिवेदी को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है. वही विशेष आमंत्रित सदस्य में मऊगंज से देवतालाब विधायक गिरीश गौतम एवं सतना से विधायक नागौद नागेन्द्र सिंह को शामिल किया गया है.

### भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने राजेश

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की सहमति एवं भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार द्वार जिलाध्यक्षो की घोषणा की गई है . रीवा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र (राजेश यादव) बनाये गये है . जबकि सीधी जिलाध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा बनाये गये है . मैहर जिलाध्यक्ष सत्यभान सिंह पटेल बनाये गये . पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष के लिये कई नाम चर्चा में थे, लेकिन सब पीछे रह गये . सूची जारी होने के बाद तमाम कयासों पर विराम लग गया .

# चलती बाइक पर गिरा पेड़, युवक-युवती की मौत

## 2 युवतियों की हालत गंभीर, मैहर जिले के ग्राम बरहिया के निकट हुआ हादसा

**नवभारत न्यूज**

**सतना 23 जून. बाइक पर सवार होकर 1 युवक और 3 युवतियां कटनी जिले से मैहर देवी मां का दर्शन करने के लिए आए थे. लौटने के दौरान अचानक एक शीशम का पेड़ उनकी बाइक पर आ गिरा. जिसके चलते जहां 1 युवक और युवती की मौत हो गई, जबकि 2 युवतियां गंभीर तौर पर घायल हो गईं.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कटनी जिले के रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत इम्लास गांव के निवासी अमित कुशवाहा पिता द्वारका उम्र 21 वर्ष, रागिनी कुशवाहा पिता सूरज उम्र 18 वर्ष, राधिका उर्फ पलक कुशवाहा पिता गेंदालाल उम्र 17 वर्ष और शिवानी कुशवाहा पिता संतराम उम्र 18 वर्ष मंगलवार की सुबह अपने गांव से एक ही बाइक क्र. एमपी 21 जेड जे 3595 पर सवार होकर मैहर के लिए निकले थे. मैहर पहुंचकर मां शारदा का दर्शन पूजन करने के बाद वे सभी बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव की ओर लौट रहे थे. लेकिन रास्ता भटक जाने के कारण वे देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहिया गांव के निकट पहुंच गए. बताया गया कि चलती बाइक को सड़क किनारे कुछ लोगों ने रुकने का इशारा किया. लेकिन जब तक बाइक चला रहे अमित को कुछ समझ में आता वह आगे बढ़ चुका था. इसी दौरान अचानक एक शीशम का बड़ा सा पेड़ सीधे बाइक पर आ गिरा. घटना होती देख आस पास मौजूद लोगों के बीच सनाका खिंच गया. किसी तरह हिम्मत जुटाकर लोग निकट पहुंचे और पेड़े के नीचे दबे लोगों को निकालने का प्रयास शुरु किया. वहीं घटना की सूचना मिलने पर देहात थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. आनन-फानन में चारों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. लेकिन वहां पर ड्यूटी डॉक्टर द्वारा जांच करने पर रागिनी को ब्रॉट डेड घोषित कर दिया गया. जबकि अमित, राधिका और शिवानी को भर्ती कर उपचार शरु किया गया. लेकिन कुछ देर बाद ही अमित ने भी दम तोड़ दिया. फिलहाल राधिका और शिवानी का उपचार जारी है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया.



### ट्रैक्टर से खींचा जा रहा था पेड़

देहात थाना प्रभारी पंचराज सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त शीशम के पेड़ को स्थानीय रहवासी दीनदयाल साकेत द्वारा कटवाया जा रहा था . एक ओर से पेड़ को काटे जाने के साथ ही रस्सी के सहारे उसे दूसरी ओर से ट्रैक्टर के जरिए खींचा भी जा रहा था . इसी दौरान बरती गई लापरवाही के चलते चलती बाइक चपेट में आ गई . पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना भी की जा रही है . साथ ही यह जांच भी की जा रही है कि पेड़ काटने के लिए वैध अनुमति ली गई थी अथवा नहीं .

# आधी रात दनादन चली गोलियां, वाहन सवारों में गैंगवार

## 3 वाहन पकड़ाए, शहर के सिरमौर चौराहे से बिछिया तक करते रहे फायरिंग

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 23 जून, रीवा शहर मे आधी रात एक ओर जहां पुलिस कॉम्बिंग गस्त कर रही थी तो वहीं बेखौफ अपराधी गैंगवार जैसी घटना में गोलीबारी की वारदात को अंजाम दे रहे थे.**

यहां शहर के सिरमौर चौराहे से कार सवारों के बीच शुरु हुआ विवाद बिछिया थाना क्षेत्र तक पहुंचा, जो सड़क पर वाहन को दौड़ाते हुये ना सिर्फ एक दूसरे को वाहनों से टक्कर मारते रहे बल्कि फायरिंग की घटना को भी अंजाम दिया. अब सवाल यह उठता है कि रात्रि कालीन गश्त कहा हो रही थी. पुलिस उस समय कहा थी जब सड़क पर नंगा नाच हो रहा था. रीवा में भी महानगर की तर्ज पर गैंगवार की घटनाएं होने लगी है. बताया जा रहा है कि दो पक्षों के विवाद में तकरीबन 4 से 5 राउंड फायरिंग हुई है जिसमें दो गोलियों के निशान एक कार में मिले है, वहीं एक व्यक्ति को मामूली चोट भी आई है जिसने पुलिस को गोली कंधे को छूकर निकलना बताया, लेकिन पुलिस ने इसकी पुष्टि नही की है. फिलहाल देर रात हुई इस घटना के बाद पुलिस ने तीन अलग अलग स्थानों से घटना में शामिल 3 वाहनों को जप्त किया है, जिनमें से एक कार मे गोलियों के धंसने के निशान मिले है जबकि अन्य वाहनों के कांच फूटे मिले है. पुलिस ने फिलहाल घटना को दो पक्षो का विवाद बताया है, जिसमें एक पक्ष की शिकायत पर 4 लोगों के खिलाफ बिछिया थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है और 3 वाहनों को जप्त किया गया है. दरअसल घटना बीती रात करीब 1 बजे बिछिया थाना क्षेत्र जेल मार्ग की बताई गई, जहा एक कार में कई राउंड फायरिंग की गई है.

घटना के संबंध में एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा नें जानकारी देते हुए बताया की मामला दो लोगों का आपसी पुराना विवाद है, और इसी पुराने विवाद के चलते पहले सिरमौर चैराहे में विवाद हुआ जिसके बाद बिछिया के समीप कार मे फायरिंग हुई है. मामले में पीडित पक्ष की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और पुलिस पार्टिया आरोपियों की तलाश कर रही है.

### रेस्टोरेट और पेट्रोल पंपों की हुई आकस्मिक जांच

**मैहर 23 जून.** कलेक्टर मैहर बिदिशा मुखर्जी के निर्देशानुसार सोमवार को डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल और सहायक आपूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में मैहर जिले के डीजल पेट्रोल पंप, ढाबा और रेस्टोरंट की आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान मैहर-कटनी रोड पर घुनवारा, झुकेही, बदेरा सहित अन्य स्थानों पर जांच की गई। इस दौरान पारस फिलिंग सेंटर बदेरा में स्टाक का निरीक्षण किया गया। जहां पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल पाया गया।

# तूफान के समय मकान की छत गिरने से महिला की मौत

## तीन बच्चों के सिर से उठा मां का साया, खिरवा गांव में किसान का घर हुआ ध्वस्त

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 23 जून। जिले में सोमवार की देर रात अचानक बदले मौसम ने कई क्षेत्रों में तबाही मचा दी। करीब 20 मिनट तक चली तेज आंधी और बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। जहां एक ओर लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर कई परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। चितरंगी क्षेत्र के आदिवासी अंचलों में तूफान का असर सबसे अधिक देखने को मिला।**

माड़ा थाना क्षेत्र के बेतरियां गांव में तेज हवाओं के कारण एक मकान की छत सीट टूटकर गिर गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई मंजू देवी विश्वकर्मा को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मंजू देवी के निधन से उनके तीन बच्चों के सिर से माँ का साया उठ गया। बताया गया है कि उनके पति कांतिलाल विश्वकर्मा पहले ही दूसरा विवाह कर चुके हैं। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता एवं बच्चों के पालन-पोषण की व्यवस्था करने की मांग की है। इधर चितरंगी जनपद क्षेत्र के खिरवा गांव के कैरेला टोला निवासी किसान पप्पू विश्वकर्मा का कच्चा मकान भी आंधी-तूफान की चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। तेज हवाओं से मकान की छत उड़ गई और दिवारों का हिस्सा ढह गया। घटना के समय परिवार घर के अंदर मौजूद था, लेकिन सभी सदस्य सुरक्षित बच गए। दोनों घटनाओं के बाद प्रभावित परिवारों ने शासन-प्रशासन से राहत सहायता और मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने पीड़ितों को शीघ्र आर्थिक मदद उपलब्ध कराने की मांग उठाई है।



# बस की टक्कर से मासूम बालक की मौत


## मृतक के परिजनों ने किया सड़क जाम, गुस्साए ग्रामीणों ने बस में की तोड़फोड़

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 23 जून। बरगवां थाना के समीपी सड़क मार्ग में आज मंगलवार की शाम करीब 7:30 बजे एक यात्री बस ने 10 वर्षीय बच्चे को ठोकर मार दिया, जहां बच्चे की मौत हो गई। इस घटना को लेकर गुस्साएं लोगों ने सड़क जाम कर बस में तोड़फोड़ किया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस पहुंच स्थिति को नियंत्रण में किया।**

जानकारी के अनुसार बरगवां थाना के समीप पीछे बाईपास सड़क मार्ग से बैढ़न से सीधी की ओर जा रही निर्मल दुबे बस सर्विस क्रमांक एमपी 66 जेडजे 0106 के चालक की लापरवाही से 10 साल के मासूम बालक को टक्कर मार दिया। जहां बच्चे की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए मृतक के परिजन एवं आसपास के लोगों ने बस का पीछा किया और 1 किलोमीटर दूर जाकर बस को कब्जे में किया। बताया जा रहा है कि गुस्साए लोगों ने बस में जमकर तोड़फोड़ किया है, हालांकि सवारी सुरक्षित हैं। घटना के बाद चालक-परिचालक एवं खलासी भाग खड़े हुये। मौके पर बरगवां टीआई समेत भारी संख्या में पुलिस पहुंच स्थिति को नियंत्रण में किया है। समाचार लिखे जाने तक चक्काजाम जारी था।





# मारपीट में न्याय की गुहार लगाने एसपी ऑफिस पहुंची महिला

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 23 जून. जिले के बहरी थाना अंतर्गत मारपीट सभी घायल अस्पताल में भर्ती हैं लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। इस मामले को लेकर आज पुलिस अधीक्षक के यहां भी शिकायत की गई है।**

मामले में बताया गया कि जमीनी विवाद को लेकर दीक्षित परिवार द्वारा मारपीट की वारदात की गई हैं। तमाम शिकायतें के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से नाराज परिजनों ने एसपी ऑफिस में शिकायत किए हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन में कांति द्विवेदी पति दिनेश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि उनके साथ गांव के ही कई लोग मारपीट की वारदातें किए हैं जो कि बहरी थाना अंतर्गत डढि?ा गांव के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि 21 जून की शाम 7 बजे घर के सामने सार्वजनिक रास्ता सड? के किनारे आरोपियों द्वारा जेसीबी से सड? का किनारा खोद रहे थे। इस दौरान मना करने गए तो आरोपी अभिमन्यु, रामनिरंजन, शिवानी दीक्षित सहित अन्य लोग मारपीट करने लगे। हल्ला गोहार के बाद कई लोग आए । इसी बीच शिवानी ने मंगलसूत्र खींचकर छीन लिया एवं अन्य आरोपीगण प्रार्थियों की बहू विद्या, आरती एवं बेटी रानू के साथ कपड़े खींचकर अश्लील हरकतें करने लगे। प्रार्थिया का बेटा संदीप, बेटा संदीप, दीपक, अंकित बीच बचाव करने लगे तब आरोपीगण उनके साथ भी लाठी-डंडा एवं हांथ घूंसों से मारपीट किए । इसके अलावा अन्य लोग भी शामिल थे। जिससे काफी चोंटे भी आई हैं। मारपीट करने वाले आरोपियों को इतनी भी दया नहीं आई कि छोटे मासूम बच्चे से मारपीट न करना चाहिए लेकिन उसे भी लहूलुहान कर दिया गया । पुलिस इसमें कब कार्रवाई करेगी यह तो आने वाला समय बताएगा।

### युवा संगम रोजगार मेला आज शासकीय आईटीआई सतना में

**सतना 23 जून.** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से 24 जून 2026 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कालेज बिरला रोड सतना में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी सतना ने बताया कि रोजगार मेले में स्वतंत्र फाइनेंस, प्राकृतशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, देवा इंटरप्राइजेज, ग्लोबल मैनपावर लिमिटेड गुजरात, केवी हयुमन रिसोर्स, सीआईआई एमसीसी पुणे, प्रगतिशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, मिण्डा अरिका, जीडीएक्स सिक्योरिटी नोएडा, एवं किशवी कन्सुलटिंग कार्पोरेशन में शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित हो.

# धीमी गति से चल रहे कार्यों को लेकर आयुक्त ने सुनाई खरीखोटी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 23 जून। नगर पालिक निगम आयुक्त सविता प्रधान ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित कर जनहित एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में धीमी गति से चल रहे कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देशित किया।**

आयुक्त ने मानसून को देखते हुए वृक्षारोपण कार्य जुलाई माह के अंत तक पूर्ण करने एवं सभी उपयंत्रियों को अपने-अपने वार्डों में पौधरोपण के लिए स्थल चिन्हांकन करने तथा जल स्रोतों के आसपास प्राथमिकता से वृक्षारोपण कराने के निर्देशित किया। वहीं स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने सफाईकर्मियों को निर्धारित यूनिफॉर्म में कार्य करने तथा स्वच्छता कार्यों में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देशित किया। साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाएं।

बैठक में नगर निगम भवन मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार करने, शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाने, बस स्टैंड विकास के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देशित किया। चूनकुमारी स्टेडियम की मरम्मत एवं रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए, जिससे स्टेडियम नागरिकों और खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित स्थान बना रहे। इसके अलावा मल्हार पार्क स्थित लाइब्रेरी में 5 कंप्यूटर स्थापित करने के निर्देशित किया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जनशिकायत, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देशित किया। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त ज्योति सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी, सहायक आयुक्त एचएम श्रीवास्तव, सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी, दिनेश तिवारी, डीके सिंह सहित उपयंत्री मौजूद रहे।



# कार्यशाला से हमें काम-काज में मिलेगी सहायता : किशोर

## विंध्याचल में हिंदी कार्यशाला एवं प्रेरक व्याख्यान आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 23 जून। एनटीपीसी विंध्याचल में राजभाषा अनुभाग द्वारा परियोजना के प्रशासनिक भवन के सीवी रमन सभागार में 23 जून को वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डीपीएस स्कूल से आमंत्रित वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. भारत प्रसाद मिश्र मौजूद रहे। सर्वप्रथम कार्यशाला में पहुंचे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता को पुष्पगुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया गया। कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता नें अपने उद्बोधन में कार्यशाला की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस कार्यशाला से हम सभी को कार्यालयीन काम-काज को करने में सहायता मिलेगी। मुख्य वक्ता के रूप में डीपीएस स्कूल से आमंत्रित वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. भारत प्रसाद मिश्र ने कार्यालय में हिंदी सहजता से सार्थकता तक विषय पर अत्यंत प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने सरल उदाहरणों एवं रोचक प्रसंगों के माध्यम से बताया कि कैसे कठिन तकनीकी शब्दों को भी सहज हिंदी में व्यक्त किया जा सकता है। ई-ऑफिस में हिंदी टंकण, टिप्पण-आलेखन की शैली तथा द्विभाषी पत्राचार के व्यावहारिक पहलुओं पर उन्होंने विशेष प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता, महाप्रबंधक एजे राजकुमार, एम सुरेश, एस के सिन्हा, देबब्रत त्रिपाठी, डॉ. बीके भराली, मानव संसाधन प्रमुख रुमा दे शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।




# यातायात पुलिस ने भौकाल लिखे वाहन की नंबर प्लेट हटवाई

## चालान कर दी सख्त चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 23 जून. शहर के मड़रिया क्षेत्र में यातायात पुलिस ने कार की नंबर प्लेट की जगह %भौकाल% लिखा होने पर उसे हटवाया, वाहन का चालान किया और सख्त चेतावनी दी।**

यह कार्रवाई मंगलवार सुबह विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान की गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 11 बजे यातायात थाना प्रभारी भूपेश वैश अपनी टीम के साथ मड़रिया क्षेत्र में वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें तेज रफ्तार से आ रही एक टोयोटा हाइराइडर कार दिखी। जांच में पाया गया कि वाहन के पीछे निर्धारित नंबर प्लेट की जगह बड़े अक्षरों में %भौकाल% लिखा हुआ था, जो मोटर वाहन नियमों का उल्लंघन है। पुलिस ने तत्काल वाहन को रोककर चालक शिवम सिंह से पूंछताछ की। शिवम सिंह ने बताया कि वाहन उनके पिता शंकर सिंह परिहार का है, जो मड़रिया के निवासी हैं। यातायात पुलिस ने चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए गाड़ी को यातायात थाने में खड़ा करा दिया और मौके पर ही अवैध रूप से लिखे गए शब्द को हटवा दिया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई का समर्थन किया है। उनका कहना था कि कई लोग अपनी गाड़ियों पर भौकाल दबंग, सरकार जैसे शब्द लिखकर सड़कों पर चलते हैं, जिससे आम लोगों में अनावश्यक भय और गलत संदेश जाता है।



### इनका कहना है

वाहन पर निर्धारित नंबर प्लेट के स्थान पर किसी भी प्रकार के शब्द, पदनाम, जातिसूचक या प्रभाव दिखाने वाले शब्द लिखना नियमों के विरुद्ध है। ऐसे वाहनों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। संबंधित वाहन पर वैध और निर्धारित मानकों वाली नई नंबर प्लेट लगाए जाने के बाद ही उसे छोड़ा जाएगा। यदि भविष्य में इसी वाहन या किसी अन्य वाहन पर दोबारा इस तरह के शब्द लिखे मिले तो संबंधित चालक और वाहन मालिक के खिलाफ और अधिक कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**भूपेश वैश,**
थाना प्रभारी यातायात

# सतना प्रवास पर पहुंचे अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष

## जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने की भेंट

**नवभारत न्यूज**

**सतना 23 जून. मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव 23 से 25 जून 2026 तक सतना जिले के तीन दिवसीय प्रवास पर मंगलवार को सायं सतना पहुंचे।**

### अनुसूचित जाति बस्ती और छात्रावास का करेंगे औचक निरीक्षण

प्रवास के तीसरे दिन 25 जून को अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. जाटव प्रात: 10 बजे अनुसूचित जाति बस्तियों का औचक निरीक्षण, दोपहर 12 बजे स्थानीय आडिटोरियम जिला पंचायत के सभागार में अनुसूचित जाति वर्ग से सामाजिक संवाद तथा सामाजिक एवं धार्मिक बुद्धिजीवियों के साथ संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष द्वारा दोपहर 12 बजे अनुसूचित जाति छात्रावास का निरीक्षण करने के पश्चात दोपहर 3 बजे जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



उन्होंने सर्किट हाउस सतना में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों से सौजन्य भेंट कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की।

### अध्यक्ष 24 को विभिन्न विभागों से संबंधित लेंगे बैठक

प्रवास के दूसरे दिन अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. जाटव द्वारा 24 जून को प्रात: 10 .30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में जिले के सभी विभागों एवं बैंकों की योजनाओं की समीक्षा बैठक ली जाएगी। जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा होगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित होगी, जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के विरुद्ध अपराधों की स्थिति पर चर्चा की जाएगी। अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. जाटव द्वारा दोपहर 3 बजे जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत की विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे तथा सायं 5 बजे नगर निगम कार्यालय सतना में नगरीय निकायों की योजनाओं का मूल्यांकन किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99